उत्तर प्रदेश शासन

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-5

संख्या- 37/2016/2645जे/22-5-16-47(जेवी)/2016

लखनऊ : दिनांक- 27 दिसम्बर, 2016

विज्ञप्ति/नियुक्ति

श्रीमती नीलम सिंह की जिला कारागार, रायबरेली में गैर सरकारी जेल वीक्षक के पद पर की गयी नियुक्ति सम्बन्धी शासनादेश संख्या-177/2015/533/22-4-15-48(66)/15, दिनांक 10-09-2015 को अवक्रमित करते हुए जेल नियम संग्रह (जेल मैनुअल) उत्तर प्रदेश के प्रस्तर-669 में निहित अधिकारों का प्रयोग करते हुए श्री राज्यपाल महोदय गैर सरकारी जेल वीक्षकों को नामित किये जाने विषयक शासनादेश संख्या-1495/22-4-2002-48(23)/99, दिनांक 07-01-2003 में उल्लिखित शर्तों के अन्तर्गत **श्रीमती नीलम सिंह पत्नी श्री शिवहर्ष सिंह, निवासी-एल0-149क, मनु निवास, इन्दिरा नगर, थाना-कोतवाली नगर, जनपद-रायबरेली** को जिला कारागार, रायबरेली का गैर सरकारी जेल वीक्षक नियुक्त करते हैं। ये आदेश तात्कालिक प्रभाव से लागू होंगे तथा इनकी नियुक्ति इस आदेश के निर्गत किये जाने की तिथि से दो वर्ष (02 वर्ष) तक की अवधि के लिए होगी, यदि इसके पूर्व ही इनकी नियुक्ति शासन द्वारा निरस्त न कर दी जाय।

एस0 के0 रघुवंशी
सचिव।

संख्या- 37/2016/2645जे(1)/22-5-16-तददिनांक-

प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1- महानिरीक्षक, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
2- जिला मजिस्ट्रेट, रायबरेली।
3- निदेशक सूचना, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
4- निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, उ0प्र0, इलाहाबाद को राजकीय गजट के अगले अंक में प्रकाशन हेतु।
5- वरिष्ठ अधीक्षक/अधीक्षक जिला कारागार, रायबरेली ।
6- सम्बन्धित व्यक्ति।
7- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(डा0 गिरीश चन्द्र खरे)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in